एक नजर में

पुनासा एसडीएम कार्यालय में चोरी माल सहित एक आरोपी गिरफ्तार

खंडवा। पुनासा के एसडीएम कार्यालय में राखी 45 हजार रुपए की 9 एमरान बैटरी चोरी हो गईं। पुलिस इसलिए परेशान थी कग चोरी एसडीएम कार्यालय में हुई है। जिले की महत्वपूर्ण मिशनरी के रूप में वर्दीवाले लग गए। आसपास के एरिया में सीसीटीवी खंगाले गए। एक निजी व्यक्ति के कैमरे में यह हरकत कैद हो गई। पुलिस ने अतुल देवड़ा नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया। वह पुनासा का ही रहने वाला है। एक अन्य व्यक्ति जो देवड़ा लिखता है। वह फरार हो गया। पुलिस ने पुनासा न्यायालय में अतुल देवड़ा को पेश किया, जहां से उसे जमानत मिल गई। एक अन्य व्यक्ति की तलाश जारी है। चौकी पुनासा थाना नर्मदानगर द्वारा 72 घण्टे के अंदर बैटरी चोरों का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई बैटरी कीमती 45000 रुपए है। बबलु पिता सजन पवाँर निवासी ग्राम दौलतपुरा ने रिपोर्ट की थी । वह एसडीएम कार्यालय पुनासा मे स्वान ईंजीनियर के पद पर पदस्थ हैं। रूम खोलकर देखा तो स्वान रूम मे रखी एमरान कंपनी की 09 बैटरीयाँ अज्ञात चोर चुराकर ले गया था।

सदैव सक्रिय रहें और अधिक से अधिक सदस्य जोड़ें : कमल नागपाल

श्री कटलरी एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह आयोजित

खंडवा। श्री कटलरी एसोसिएशन ने दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने परस्पर और सभी शहरवासियों को दीपपर्व की शुभकामनाएं दी। संस्था के सचिव जयरामदास खेमानी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी खंडवा में विगत संध्या यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष भीमनदास जीवनानी के कार्यकाल का यह प्रथम आयोजन था। समारोह में विशिष्ट अतिथि पूज्य सिंधी पंचायत के प्रभारी अध्यक्ष मोहन दीवान ने इस अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों को दीपपर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में अच्छे व्यापार व्यवसाय के लिए शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष जीवनानी ने दीपावली के अगले दिन अपने व्यवसाय को विराम देकर अवकाश का सुझाव दिया, वही समाज के प्रवक्ता कमल नागपाल ने संस्था में और अधिक सदस्य जोड़ने एवं सदैव सक्रिय रहने का सुझाव दिया। इस दीपावली मिलन समारोह में टीकमदास चावला, गोपालदास पमनानी, मोहन दीवान, भीमनदास जीवनानी, किशनचंद पारवानी, जयरामदास खेमानी, लेखराज हेमवानी, नारायणदास चावला, प्रकाश आहूजा, राजेश परचानी, दीपक आर्य, किशोर हरचंदानी, कमल नागपाल, किशोर रेवतानी, दिलीप चावला, सोनू लालवानी, लक्ष्मण पारवानी, मेघराज चंदवानी और राकेश नावानी आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने नवीन सत्र के लिए कार्यकारिणी भी घोषित की। कार्यक्रम का संचालन सचिव जयरामदास खेमानी ने किया वहीं आभार मेघराज चंदवानी ने व्यक्त किया।

सद्भावना मंच द्वारा दिवाली मिलन समारोह आयोजित

खंडवा। दीपावली के अवसर पर सद्भावना मंच द्वारा विगत दिवस सद्भावना कार्यालय पर मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। सद्भावना मंच के कमल नागपाल ने बताया कि सदस्यों ने शहरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख समृद्धि के लिए कामना व्यक्त की। आपस में एक दूसरे को मिठाई खिला कर गले लगाया। इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनन्द तोमर, सुरेंद्र गीते, ओम पिल्ले, गणेश भावसार, राधेश्याम शाक्य, राजेश पोरपंथ, अनूप शर्मा, विजया द्विवेदी, सुनील सोमानी, योगेश गुजराती, महेश मूलचंदानी, नारायण फरकले, अशोक पारवानी, करण लखौरे, सुभाष मीणा तथा अन्य मौजूद थे।

दीपावली मिलन समारोह का आयोजन

खंडवा। पूर्व निमाड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज खंडवा का दीपावली मिलन समारोह शनिवार शाम आयोजित होगा। चेंबर के सभी सदस्यगण दीपावली मिलन हेतु सम्मिलित होकर हर्ष उल्लास एवं उमंग के साथ समारोह पूर्वक सानंद मनायेंगे। चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रवक्ता कमल नागपाल के अनुसार यह साधारण सभा और दीपावली मिलन कार्यक्रम शनिवार को श्री अग्रसेन भवन घंटाघर पर होगा। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार साधारण सभा सायं 6.30 बजे से होगी। सभा के उपरांत द्वितीय सत्र में दीपावली मिलन समारोह होगा। मिलन समारोह पश्चात् अन्नकूट प्रसादी भी रखी गई है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुनील बंसल, सचिव संतोष गुप्ता और कोषाध्यक्ष गोवर्धन गोलानी ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी सदस्यों से दीपावली मिलन कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की है।

अब तक 13937, तथा शुक्रवार को 3781 किसानों के खाते में राशि जमा की

फसल क्षति प्रभावित किसानों को लगातार मिल रही है राहत : कलेक्टर ऋषव गुप्ता

खण्डवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि खरीफ सीजन में प्राकृतिक आपदा से सोयाबीन की फसल क्षति होने के मामले में जिले के सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए गए हैं कि जिन किसानों की फसल प्राकृतिक आपदा के कारण प्रभावित हुई है, राजस्व पुस्तक परिपत्र के नवीनतम प्रावधानों के तहत उनके फसल राहत के प्रकरण बनाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने बताया कि अब तक जिले में कुल 13937 किसानों के फसल क्षति सम्बंधी राहत के प्रकरण बनाकर राहत राशि सम्बंधित किसानों के खाते में जमा करा दी गई है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को कुल 3781 किसानों के खाते में राहत राशि जमा कराई गई। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति प्रभावित किसानों के खातों में राहत राशि जमा कराने की कार्यवाही लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि कीट व्याधि पीला मोजेक प्रभावित किसानों के लिए शासन से राहत राशि के लिए बजट की मांग की गई है बजट प्राप्त होते ही जिले के 11254 किसानों के खाते में राशि जमा करवा दी जाएगी।

कृषि उपज मंडी खंडवा में भावांतर भुगतान योजना से खरीदी शुरू

नवभारत न्यूज

खंडवा। कृषि उपज मंडी खंडवा में शुक्रवार को प्रदेश सरकार की किसान हितैषी भावांतर भुगतान योजना का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर कृषक कत्थालाल मानसिंह, निवासी बिलनखेड़ी का 24 क्विंटल सोयाबीन पंजीकृत फर्म सिंगाजी ट्रेडर्स द्वारा 4351 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा गया ।

लक्ष्मी पूजन से भावांतर योजना का शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ मां लक्ष्मीजी के पूजन से हुआ। कार्यक्रम में मंडी के भारसाधक अधिकारी ऋषि कुमार सिंघई और मंडी सचिव ओपी खेड़े भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में क्रेता विक्रेता एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, सचिव अतुल अग्रवाल सहित अन्य व्यापारी, मंडी कर्मचारी, हम्माल एवं तुलावटी बंधु भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आशीष भंसाली ने किया।

वाटर हार्वेस्टिंग प्रक्रिया से खुश हुए कलेक्टर

मंडी सचिव ओपी खेड़े ने बताया कि कलेक्टर ने मंडी परिसर में निर्माणाधीन रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का भी निरीक्षण किया। मंडी परिसर में क्रेता विक्रेता एसोसिएशन अनाज तिलहन संघ द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन तथा नवीन अनाज खरीदी कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया ।

डीएपी से भरी रेल खंडवा पहुंची, किसानों का संकट जल्द होगा दूर

नवभारत न्यूज

खंडवा। गुरुवार को जिले के किसानों के लिए डीएपी खाद की रैक खंडवा पहुंच गई। किसानों को रबी फसल की बुवाई के लिए इसकी बहुत जरूरत थी। किसानों की बड़ी समस्या अब हाल हो जाएगी। जरूरी यह है कि इसका वितरण और संचालन ढंग से हो। जमाखोरी पर भी निगाह जरूरी है। मार्कफेड और कलेक्टर दोनों को समन्वय बनाए रखना जरूरी है।

जिले के किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उर्वरक वितरण की समुचित व्यवस्था की गई है। 700 मैट्रिक टन खाद सेवा सहकारी समितियों को उपलब्ध कराई जाएगी। 100 मैट्रिक टन खाद खंडवा डीएलसी को उपलब्ध कराई जाएगी।

खेत के हिसाब से खरीदें उर्वरक

जिला विपणन अधिकारी श्वेता सिंह ने बताया कि डीएपी खाद की उपलब्धता को लेकर चिंता न करें। डीएपी खाद की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही हैं। इसके साथ ही, समितियों एवं मार्कफेड के गोदामों में डीएपी के विकल्प के रूप में अन्य उर्वरक भी उपलब्ध हैं।

किसान अपनी फसल की आवश्यकता एवं भूमि की स्थिति अनुसार इन वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग कर सकते हैं।

किसको, कितना मिलेगा डीएपी?

25 मैट्रिक टन खाद एम.पी. एग्रो को प्राप्त होगी। 25 अक्टूबर, 2025 को डीएपी खाद की एक और रेक जिले में आना प्रस्तावित हैं, जिससे सहकारी क्षेत्र में 1350 मैट्रिक टन खाद और प्राप्त हो जाएगी। इस रैक में से 800 मैट्रिक टन खाद सेवा सहकारी समितियों को, 300 मैट्रिक टन खाद मार्कफेड को 200 मैट्रिक टन खाद विपणन समितियों को, तथा 50 मैट्रिक टन खाद एम.पी. एग्रो को उपलब्ध कराई जाएगी।

40 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

नवभारत न्यूज

खंडवा। जिले के विभिन्न थानों में त्योहारों के मद्देनजर कुल 40 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 छह्स्स के तहत 22 प्रकरणों मे 29 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 छह्स्स के तहत 08 प्रकरण मे 11 अनावेदक के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। जिले में 18 अनावेदक के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना पंधाना के आरोपी धीना पिता सिलदार जाति बारेला उम्र 32 साल निवासी ग्राम राजौरा के कब्जे से अवैध 08 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 800/- रुपए की जप्त की गई। थाना पिपलोद के आरोपी सावितरी बाई पति प्रेमचंद मालवीया उम् 48 साल निवासी गरणगाव के कब्जे से 06 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मबुआ शराब कीमती करीबन 600/-रूपए की विधिवत जप्त की गई। थाना मूंदी के आरोपी कोदर पिता मांगीलाल उम्र 55 साल निवासी कोडियाखेडा के कब्जे से 8 लीटर करीब हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 800/- रुपए की जप्त की गई। उक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

राष्ट्र के निर्माण में पुलिस बड़ी भूमिका का निर्वहन कर रही, कई आयोजन हुए

नवभारत न्यूज

खंडवा। जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा "राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका" अभियान के तहत स्कूल एवं कालेजों मे अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

चित्रकला, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कर विद्यार्थियों एवं युवाओं को राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूक किया गया।

31 अक्टूबर तक 10 दिवसीय कार्यक्रम पुलिस महानिदेशक/ महानिरीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहा है। राष्ट्र और उसके नागरिकों की सेवा मे पुलिस कर्मियों की शहादत को उजागर करने के लिए प्रत्येक वर्ष पुलिस स्मृति दिवस और राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यकम आयोजित किया जाता है।

खंडवा मे राष्ट्रीय एकता अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश द्वारा जारी जागरूकता अभियान के चतुर्थ दिवस के क्रम में पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज राय ने भी काफी मेहनत की।

थाना मूंदी अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता की गई।

इस प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति, उनके बलिदान और देशभक्ति की भावना पर भावपूर्ण निबंध प्रस्तुत किए। बच्चों को राष्ट्रप्रेम और इतिहास से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

यह आयोजन न केवल साहित्यिक कौशल को बढ़ावा देगा बल्कि युवाओं में देशभक्ति की भावना को भी मजबूत करेगा।

चौकी रामनगर द्वारा हाई स्कूल रामनगर में राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका पर छात्र से वाद, विवाद, पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई। यह कार्यक्रम छात्रों में देशभक्ति की भावना जगाने और पुलिस की सामाजिक जिम्मेदारियों को समझाने के उद्देश्य से आयोजित गया।

"कार्बाइड गन" के निर्माण, क्रय, विक्रय और भण्डारण पर लगा प्रतिबंध

नवभारत न्यूज

खंडवा । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधनात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा, स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे कार्बाइड गन के निर्माण, क्रय, विक्रय और भण्डारण पर प्रतिबंध लगाने के संबंध में आदेश जारी किए हैं। यह आदेश आगामी दिनों में देवोत्थान एकादशी, शादी विवाह, क्रिसमस पर्व जैसे अवसरों पर आतिशबाजी के प्रयोग की संभावना को ध्यान में रखते हुए लागू किए गए हैं, क्योंकि इनसे आम नागरिको की सुरक्षा, स्वाथ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋषव गुप्ता ने ये आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (2) के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला खण्डवा की सीमा के भीतर 24 अक्टूबर से 25 दिसंबर की अवधि के लिए लागू किए हैं। जारी आदेश अनुसार अब कोई भी व्यक्ति, संस्था या व्यापारी प्रतिबंधनात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे या कार्बाइड गन का निर्माण, भण्डारण, और क्रय विक्रय नहीं कर सकेगा। सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी, कार्यपालिक दण्डाधिकारी, पुलिस अधिकारियो को इस आदेश के सख्त अनुपालन की निगरांनी करने के निर्देश जारी किए गए हैं। यदि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त प्रतिबंध का उल्लंघन करता है तो वह भारतीय न्याय संहिता की धारा-223 के अंतर्गत दण्ड का भागीदार होगा। यह आदेश धारा 163 (2) के अंतर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। आदेश से व्यथित व्यक्ति, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (5) के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

किसान किसानों ने कहा कि अगर समितियों में खाद मिलने लगे तो हमें दुकानों पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी

दुकानदारों ने स्टॉक किया खाद, डीएपी रेक आने से कालाबाजारी घटेगी

नवभारत न्यूज

बीड़, संदीप सोनी। किसान सोयाबीन के कर्ज से बरी ही नहीं हुआ और अब रबी की फसल लगाने की तैयारी में लग गया है। इधर-उधर से बिजाई सहित खाद के लिए भटक रहा है। रेल भरकर खाद आने से पुनासा क्षेत्र के व्यापारियों का स्टॉक नरम पड़ गया है। फिर भी यह उम्मीद में है कि किसानों को महंगे दामों में खाद बेचेंगे। कलेक्टर को इस पर नियंत्रण करना जरूरी है।

सोसाइटियों में खाद मिलने लगेगा। फिर भी संकट का नजारा पुनासा, मुंदी, बागरदा, बीड़ सहित आसपास के क्षेत्र में देखने को मिल रहा है।

महंगे दामों पर यूरिया उपलब्ध

दुकानदारों ने अपने गोदामों को भर दिया है। दुकानों पर किस अगर जाता है तो उसे 400 से 500 रुपए तक यूरिया

खाद लेना पड़ता है। दुकानदार की एक शर्त भी होती है कि अगर डीएपी लोगे तब ही यूरिया खाद मिलेगा। इसके कारण किसान भी काफी परेशान हो रहे हैं, जबकि सोसाइटी में यूरिया खाद 267 रुपए का दिया जाता हैं। दुकानदार इस खाद को 400 से 500 रुपया लिया जा रहा है। प्रशासन द्वारा इन दुकानदारों पर बड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, जिससे किसानों को राहत मिल सके।

रबी की फसल से उम्मीद

किसानों ने बताया कि अति बारिश के कारण सोयाबीन की बर्बाद हो गई है। अब हम गेहूं की फसल के भरोसे ही हैं। सोयाबीन का कर्ज तो हम दे नहीं पाए हैं, और ऊपर से अब गेहूं की फसल बोना है। दुकानों पर खाद का भाव 2 गुना लिया जा रहा है, जिससे हम काफी परेशान हैं। किसानों ने बताया कि समिति में प्रशासन द्वारा खाद पहुंचना चाहिए जिससे हमें रहता मिल सके क्योंकि दुकानदार खाद तो दे रहे हैं, लेकिन बिल भी नहीं दिया जा रहा है, ताकि हम दुकानदारों पर कार्रवाई करा सके।

समितियां में बोवनी का गेहूं मिले

किसानों ने यह भी बताया कि अगर समितियां में खाद मिलने लगे तो हमें दुकानों पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी । समिति में गेहूं अलग-अलग वैरायटी का मिलना चाहिए जिससे हम रबी फसल लगा सके

गोदाम में भारी स्टॉक जमा

ऐसे कई दुकानदार है जिन्होंने अपने गोदामो में खाद भर रखा है। अगर प्रशासन द्वारा छापा मार कार्रवाई की जाए, तो कई खाद की बोरियां निकाले इतना ही नहीं कुछ किसानों ने यह भी बताया कि क्षेत्र में कुछ दुकानदार तो नकली खाद भी बेचने का कार्य कर रहे हैं। लेकिन इन पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई न होने के कारण इन दुकानदारों के हौसले बुलंद हो गए हैं।